

जीत हमेशा जरूरी नहीं होती, लेकिन जुनून और जज्बा मायने रखता है। हमारी टीम ने पूरी ताकत से खेला, और मैं उन पर गर्व करता हूँ। केकेआर फैंस, आपका साथ हमें और मजबूत बनाता है!" - शाहरूख खान

केकेआर के मालिक, अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** यशस्वी जायसवाल



आईपीएल 2025 के छठे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 8 विकेट से हरा दिया। भले ही राजस्थान को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में एक बड़ा धमाका कर दिया। जायसवाल ने केकेआऱ के खिलाफ मैच में 24 गेंद पर 29 रन की पारी खेली. इस पारी के दौरान उन्होंने अपने टी-20 करियर में 3000 रन पूरे कर लिए। ऐसा कर उन्होंने एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। जायसवाल टी-20 क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी-20 में सबसे तेज 3000 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शॉन मार्श के नाम है। शॉन मार्श ने 85 पारी में ही 3000 रन पूरा कर लिए थे।

## लक्ष्य का पीछा करते समय बल्लेबाजी करना फायदेमंद रहा : डिकॉक

नई दिल्ली, 27 मार्च। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में नाबाद 97 रन की पारी खेल कर कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत दिलाने वाले सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कहा कि उनके लिए मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना फायदेमंद रहा। डिकॉक ने 61 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन बनाकर केकेआर को 17.3 ओवर में जीत के लिए मिले 152 रन के लक्ष्य के पार पहुंचा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच डिकॉक ने पुरस्कार समारोह में कहा, " यह मेरा दूसरा मैच है, हमारे लिए यह अच्छा रहा कि हमने बाद में बल्लेबाजी की। एक विकेटकीपर के रूप में मुझे विकेट परखने का मौका मिला और मैं बल्लेबाजी करते समय उसके अनुसार सामंजस्य बैठा सका। "उन्होंने कहा, " मैं जानता हूं कि आईपीएल बड़े स्कोर के लिए जाना जाता है, लेकिन मैंने सिर्फ हमारे लिए मैच जीतने की कोशिश की।" दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व कप्तान ने कहा, "यह बड़े स्कोर के लिए उपयुक्त विकेट नहीं था, गेंद टर्न ले रही थी और रुक कर आ रही थी। यह सपाट विकेट नहीं था, यहां रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था।"केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने डिकॉक के साथ जीत का श्रेय टीम के स्पिनरों को दिया। उन्होंने कहा, " हमने बीच के ओवरों में दो स्पिनरों को गेंदबाजी कराई। सुनील नारायण की जगह मोईन अली खेले और उन्होंने अच्छा किया।

## श्याम लाल कॉलेज की वार्षिक खेल मीट का आयोजन आज

नई दिल्ली, 27 मार्च। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज मैदान में शुक्रवार को छात्र और छात्राओं के वर्ग की 'वार्षिक खेल मीट 2024-25' का आयोजन किया जायेगा। कॉलेज के खेल समिति के संयोजक वीरेंद्र सिंह जग्गी के अनुसार, वार्षिक खेल मीट 2024-25 के छात्रों के साथ-साथ शिक्षक और कॉलेज के गैर-शिक्षण स्टाफ भी भाग लेंगे। श्याम लाल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रबी नारायण कर 'वार्षिक खेल मीट 2024-25' के मुख्य अतिथि होंगे। लड़कियों के वर्ग में छात्रों के लिए 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर में दौड़ आयोजित की जाएगी। लड़कों में वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर में दौड़ होगी। इसके अलावा शिक्षण और गैर -शिक्षण स्टाफ के लिए कार्यक्रमों को 45 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक के दो आयु समूहों में आयोजित किया जाएगा। लेमन रेस और म्यूजिकल चेयर स्पर्धा भी होगी।

## चोटिल लैथम पाक के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुए बाहर

वेलिंग्टन, 27 मार्च। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है टीम के कप्तान टॉम लैथम चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये है। लैथम को इस सप्ताह दाहिने हाथ में चोट लगी थी। प्रशिक्षण के दौरान लैथम के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे जबकि हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, सीरीज की पूर्व संध्या पर कप्तान टॉम लेथम का चोटिल होना निश्चित रूप से निराशाजनक है और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले माइकल के साथ टीम सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा, हमें इस दौरे में लचीलापन रूख रखना होगा क्योंकि कई खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से उपलब्ध नहीं थे। इससे अन्य खिलाड़ियों को अवसर मिले और पहली बार रीस मारियू को टीम में शामिल करना अच्छा लगा, साथ ही हेनरी का स्वागत भी हुआ।

## चेन्नई के खिलाफ विराट कोहली के खेलने पर सस्पेंस भुवनेश्वर कुमार को लेकर दिनेश कार्तिक ने दिया अपडेट

नई दिल्ली, 27 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के मेंटर दिनेश कार्तिक ने विराट कोहली और भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया। विराट कोहली ने आरसीबी के लिए इस सीजन के पहले मैच में खेला था जबकि भुवनेश्वर कुमार उस मैच में नहीं खेल पाए थे। भुवी को इस सीजन के लिए आरसीबी ने 10.75 करोड़ में खरीदा था, लेकिन वो सीजन के पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाए थे। भुवी पहले मैच में चोट के कारण उपलब्ध नहीं हो पाए थे, लेकिन विराट कोहली की इंजरी के बारे में बहुत लोगों का जानकारी नहीं है, लेकिन रेवस्पोर्ट्ज के मुताबिक कोहली ने इस सीजन के पहले मैच के बाद हर्षित राणा से बात करते समय अपनी पीठ दर्द के बारे में बात कर रहे थे।

## नितेश ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में जीता कांस्य

अम्मान, 27 मार्च। भारतीय पहलवान नितेश ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 97 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को हराकर कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा पदक है। जॉर्डन के अम्मान में बुधवार को खेले गये मुकाबले में 22 साल के नितेश ने तुर्कमेनिस्तान के अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 9-0 से हराकर भारत के लिए दूसरा पदक पक्का किया। इससे पहले नितेश ने कजाकिस्तान के इलियास को 9-0 से हराया था।

# लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हराया



हैदराबाद, 27 मार्च। शार्दुल ठाकुर (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद निकोलस पूरन (70) और मिचेल मार्श (52) की अर्धशतकीय विस्फोटक पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सातवें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 23 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया ।

सनराइजर्स हैदरबाद के 190 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (एक) का विकेट गवां दिया। उन्हें मोहम्मद शमी ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निकोलस पूरन ने मिचेल मार्श के साथ ना केवल पारी को संभाला दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी हुई। यह आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से दूसरे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। नौवें ओवर में पैट कमिंस ने निकोलस पूरन को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। निकोलस पूरन ने 26 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए (70) रनों की विस्फोटक पारी खेली। 11वें ओवर में कमिंस ने मिचेल मार्श को भी अपना शिकार बना लिया। मिचेल मार्श ने 31 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए (52) रन बनाये। चौथे विकेट के रूप में आयुष बदोनी (छह) रन आउट हुये। कप्तान ऋषभ पंत (15) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें हर्षल पटेल ने आउट किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 16.1 ओवर में 193 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। अब्दुल समद ने आठ गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 22) रन बनाये। डेविड मिलर (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे।

सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने दो, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल और एडम जम्पा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 15 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। अभिषेक शर्मा (छह), इशान किशन (शून्य) को शार्दुल ठाकुर ने आउट कर शुरुआत में ही हैदराबाद को जोरदार झटका दिया। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई।

## रियान पराग के लिए फैन की दीवानगी, जेल जाने तक को तैयार



गुवाहाटी, 27 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के छठे मैच में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला खेला गया। जिसे केकेआर ने 8 विकेट से जीत लिया। वहीं रॉयल्स ने लगातार अपना दूसरा मैच गंवाया है। वहीं गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के दौरान एक फैन मैदान तक पहुंच गया और रियान पराग के पैर छूने लगा। बुधवार को रॉयल्स और केकेआर के बीच मुकाबले के दौरान भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। जहां एक फैन मैदान में घुस गया। ये फैन रियान पराग का था, 12वें ओवर के दौरान ये घटना हुई। सबसे पहले तो फैन ने रियान के पैर छुए और बाद में रियान ने फैन कोगले लगाया।

## आईपीएल के बाद ब्रेक लेंगे कप्तान रोहित शर्मा

### इंग्लैंड दौरे पर नहीं होंगे टीम का हिस्सा



नई दिल्ली, 27 मार्च। भारतीय क्रिकेटर्स मौजूदा समय में आईपीएल में जलवा बिखेर रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद सभी खिलाड़ी अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ गए थे। आईपीएल का ये त्यौहार दो महीने से भी ज्यादा लंबे समय तक चलेगा। इसके बाद टीम इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस दौरे पर रोहित शर्मा नजर नहीं आएंगे।भारत को जून में इंग्लैंड के दौरे पर जाना है। इस दौरे पर वह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा। स्पोर्ट्स टुडे की खबर के मुताबिक रोहित शर्मा इस दौरे पर नहीं जाएंगे। खबर के मुताबिक रोहित शर्मा ने नाम वापस लेने का फैसला किया है। हालांकि, विराट कोहली टीम का हिस्सा होंगे और दौरे पर जाएंगे।

इस दौरे से पहले टीम ने पिछली टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में खेली थी। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में कोहली और रोहित शर्मा दोनों ही कुछ खास नहीं कर सके थे। रोहित शर्मा ने सीरीज के तीन मैचों में केवल 31 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने आखिरी मैच से खुद को बाहर करने का फैसला किया था जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने टीम की कप्तानी की थी। रोहित के खुद बाहर हो जाने को संन्यास से जोड़कर देखा जा रहा था।

रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि उनका खुद को बाहर करने का फैसला संन्यास का फैसला नहीं है। उन्होंने कहा था कि, ये संन्यास का फैसला नहीं है। मैं इस खेल से दूर नहीं जा रहा हूं। लेकिन मैंने इस खेल से दूर जाने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि मैं बल्ले से रन नहीं बना पा रहा था।

## मियामी ओपन के सेमीफाइनल में एलेक्जेंडा एला भिड़ेंगी जेसिका पेगुला से

फ्लोरिडा, 27 मार्च। मियामी ओपन में महिला एकल के सेमीफाइनल में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला और अमेरिका की जेसिका पेगुला के बीच शुक्रवार को मुकाबला होगा। अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने गुरुवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पेगुला ने राडुकानू पर 6-4, 6-7(3), 6-2 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। इसी के साथ अमेरिकी खिलाड़ी ने पिछले चार वर्षों में तीसरी बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका कल फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला से मुकाबला होगा। एक दिन पहले बुधवार को फिलीपींस की टेनिस खिलाड़ी एला ने मियामी ओपन में एक और उलटफेर करते हुए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक को एला ने सीधे सटों में 6-2, 7-5 से हराया।

## 3 दिग्गजों की विश्वस्तरीय कोचिंग भी नहीं दिला पा रही राजस्थान रॉयल्स को जीत





जयपुर, 27 मार्च। सब कुछ करके भी हम कुछ नही कर पाए, यही बदकिस्मती रही हमारी। किसी ने सोचा भी न था कि राजस्थान रॉयल्स का हाल आईपीएल के 18वें सीजन में ऐसा होगा। राजस्थान रॉयल्स टीम के कोच राहुल द्रविड, जो खुद भारतीय टीम के बल्लेबाज़ी की दीवार माने जाते थे। बल्लेबाज कोच विक्रम राठौड़ ओर स्पिन गेंदबाजी के कोच साईराज बहुतुले की तिकड़ी का बल्लेबाज़ी ओर गेंदबाजी की गहरी समझ के साथ-साथ व्यापक कोचिंग भी राजस्थान रॉयल्स के बेदम ओर गेंदबाजी में दम भरने में नाकामयाब नज़र आ रही है।

राजस्थान रॉयल्स 2008 के पहले संस्करण की चैंपियन थी और आईपीएल में हिस्सा लेने वाली 10 टीमों में से एक है। युवा ऑलराउंडर 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, 26 मार्च को गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल के दोंनो मैचों में लगातार राजस्थान रॉयल्स टीम ने दोनों टीमों के सामने घुटने टेक दिये और टीम के न ही बल्लेबाज़ों में अपने बल्ले से रन बनाने का जुनून दिखा, न ही गेंदबाजों की गेंदबाजी में स्विंग की लय दिखाई दी। टीम के स्कोर अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन की कहानी बयां कर रहे है।

राजस्थान रॉयल्स ने दोनों हार से राजस्थान के क्रिकेट प्रेमियों को निराश कर दिया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी ऐसे खेल का प्रदर्शन कर रहे है मानों जैसे नौसिखिये खिलाड़ी खेल रहे हो। राजस्थान रॉयल्स को क्या जीत सिर्फ़ जयपुर के होम ग्राउंड सवाई मानसिंह स्टेडियम पर ही मिलेगी। 30 मार्च को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन क्या गुल खिलायेगा। राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के इस सीजन में किस नम्बर तक आ पाएगी या खिताब जीत कर सेहरा अपने सिर पर बांध पाएगी। ये तो वक़्त ही बतायेगा।

## आईपीएल 2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स का आधिकारिक सनस्क्रीन पार्टनर बना मिनिमलिस्ट

जयपुर, 27 मार्च। मिनिमलिस्ट, विज्ञान-समर्थित, पारदर्शिता-प्रथम त्वचा देखभाल ब्रांड, ने आईपीएल 2025 सत्र के लिए अपने आधिकारिक सनस्क्रीन पार्टनर के रूप में राजस्थान रॉयल्स के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। एसोसिएशन के हिस्से के रूप में, मिनिमलिस्ट राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों को अपना उच्च प्रदर्शन वाला सनस्क्रीन प्रदान करेगा, यह सुनिश्चित करेगा कि वे पूरे टूर्नामेंट में ट्रेनिंग सेशन और मैचों के दौरान सुरक्षित रहें। फैंस रोमांचक डिजिटल एक्टिवेशन, खिलाड़ियों की पर्दे के पीछे की त्वचा देखभाल दिनचर्या की भी उम्मीद कर सकते हैं. जैसे-जैसे सीजन सामने आता है। पार्टनरशिप पर बात करते हुए, मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक और सीईओ, मोहित यादव ने कहा, "मिनिमलिस्ट और राजस्थान रॉयल्स एक स्वाभाविक रूप से फिट हैं।

### राज्य सरकार और राजस्थान की जनता की इज्जत की खातिर एडहॉक कमेटी ने ये कदम नहीं उठाया

## आरसीए एडहॉक कमेटी अपने स्टाफ और संसाधन ले जाए तो खेल परिषद आईपीएल करा पाएगी : जयदीप बियाणी



जयपुर, 27 मार्च। जब से आईपीएल की घोषणा हुई है तब से लेकर आज तक खेल परिषद ओर आरसीए एडहॉक कमेटी के बीच कुछ न कुछ वाद विवाद चला आ रहा है। खेल परिषद द्वारा आरसीए एडहॉक कमेटी को लिखे लेटर को लेकर नया विवाद का जिन्न बाहर आ गया है। आरसीए एडहॉक कमेटी को भेजे गए लेटर में जवाब मांगा गया है कि स्टेडियम में आरसीए का कोई आधिकारिक कार्यालय संचालित नहीं होता, फिर भी आरसीए अपने लेटरहेड पर नॉर्थ ब्लॉक, सवाई मानसिंह स्टेडियम का पता इस्तेमाल कर रहा है।

इसके जवाब में बियाणी ने कहा कि वर्षों से आरसीए का ऑफिस हमेशा खेल परिषद के अधीन इसी बिल्डिंग में रहा है। स्पोर्ट्स काउंसिल और आरसीए के बीच कोई एमओयू न होने के कारण सवाई मानसिंह स्टेडियम पर ताले लगा दिए गए थे। इसके बाद आरसीए अपना कामकाज केएल सैनी स्टेडियम से ही कर रहा है। एडहॉक कमेटी अपना पता बदल देगी या एक मोहर के जरिये लेटर हेड पर लगा देगी।

बियाणी ने बताया कि नोटिस में आरसीए एडहॉक कमेटी से यह पूछा गया है कि आपने अब तक एक साल की खेल गतिविधियों की जानकारी और एकाउंट्स की जानकारी क्यों उपलब्ध नहीं कराई है। आरसीए को तुरंत इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लिखा गया है। कमेटी ने कल ही 2023-24 का लेखा-जोखा खेल परिषद को भेज दिया है।

स्पोर्ट्स काउंसिल का मानना है कि सलेक्शन में भेदभाव को लेकर कई बार आवाज उठी है, वहीं एकाउंट्स में भी फिजूलखर्ची की शिकायतें आ रही थीं। इसी को लेकर ये नोटिस आरसीए को भेजा है। इसका बारे में बियाणी कहते हैं कि कमेटी खिलाड़ियों, ऑफिशियल्स ओर कर्मचारियों की पेयमेंट्स के बतौर उनके खातों में सीधे ही भेज दी जाती है। जो भी टूर्नामेंट करवाये जा रहे है, उनका खर्चा बीसीसीआई द्वारा भेजे गए पैसो में से किया जाता है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी व सभी कमेटी सदस्यों के प्रयासों से राजस्थान के पूर्व रणजी खिलाड़ियों की लम्बे समय से रुकी पेंशन स्कीम को फिर से शुरू करते हुए उनके बैंक अकॉउंट में पेंशन क़िस्त की राशि ट्रांसफर कर दी गयी है। फिजूलखर्ची की कोई जगह नही है।

बियाणी के अनुसार खेल परिषद ने एडहॉक कमेटी द्वारा पकड़े गए पिछले कमेटी के 40-50 करोड़ के वित्तीय मामलों में क्या एक्शन लिया है, क्या उस गड़बड़ी की एफआईआर के बारे में क्या प्रोग्रेस हुई ये मालूम किया क्या? क्या उसकी ऑडिट कराई है खेल परिषद ने? नीरज के. पवन पता नही किसके बहकावे में आकर ये सब काम कर रहे है।

बियाणी ने चेतावनी देते हुए कहा कि ये तो भजनलाल शर्मा की सरकार और राजस्थान की जनता की इज़्ज़त का सवाल नही होता तो खेल परिषद से लेटर जारी कर एडहॉक कमेटी अपने स्टाफ, संसाधन वापस मांग ले तो खेल परिषद कैसे आईपीएल करा पायेगी। खेल परिषद के पास तो घास काटने तक की मशीन नही है। मैदान का रखरखाव ओर घास की कटाई कैसे करेगी। पिच क्यूरेटर, ग्राउंड स्टाफ के बगैर पिच चार दिन में फट जाएगी। पिच पर रोलर कौन फेरेगा, मैदान में पानी कौन डालेगा? आरसीए एडहॉक कमेटी ही पिच क्यूरेटर, ग्राउंड स्टाफ को सैलरी देती है, खेल परिषद नही। क्या आईपीएल के सारे मैच जयपुर से बाहर ले जाना चाहती है खेल परिषद।

ऑफिस को लेकर बोलते हुए बियाणी ने कहा कि के एल सैनी स्टेडियम जेडीए की संपत्ति है। के एल सैनी स्टेडियम का सारा खर्चा जिसमें पिच क्यूरेटर, ग्राउंड स्टाफ ओर बिजली-पानी के बिलों का भुगतान आरसीए एडहॉक कमेटी ही करती आ रही है। बियाणी ने कहा कि 27 मार्च को आरसीए की वर्तमान एडहॉक कमेटी का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है। चार बार 3-3 महीने का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी आरसीए के चुनाव नहीं हो सके हैं। अब इतने विवादों के बाद एडहॉक कमेटी में कुछ बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। अब जो राज्य सरकार का आदेश आता है, कमेटी उसका पालन करेगी। अगर बदलाव होते है तो भी कोई परेशानी की बात नही है।

## बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में हो सकते हैं बड़े बदलाव

### सीनियर खिलाड़ियों को होगा बड़ा नुकसान

नई दिल्ली, 27 मार्च। बीसीसीआई ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान हो चुका है। जबकि पुरुष टीम के लिए अभी ऐलान होना बाकी है। लेकिन उससे पहले पुरुष क्रिकेट टीम के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को लेकर कई दावे किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि बीसीसीआई जल्द ही सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर सकती है। इसमें किसे प्रमोशन मिलेगा, किसे डिमोशन, किसकी छुट्टी होगी और किन नए चेहरों को एंट्री मिलेगी, इसे लेकर तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। वैसे औपचारिक ऐलान होने तक इनकी अहमियत अटकलों से ज्यादा कुछ नहीं है। वैसे एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तो सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि, विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों के टी20 फॉर्मेस से संन्यास लेने के बाद इन्हें कॉन्ट्रैक्ट में नुकसान हो सकता है।टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर के भारी भरकम सपोर्ट स्टाफ पर भी कैंची चल सकती है। उसी की एक अन्य रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को ग्रेड से डिमोट करके ए ग्रेड में डाला जा सकता है। ए ग्रेड सबसे टॉप ग्रेड है। इसमें आमतौर पर उन खिलाड़ियों को रखा जाता है जो लगातार टीम इंडिया के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। चूंकि, रोहित, कोहली और जडेजा तीनों ही टी20 से संन्यास ले चुके हैं, लिहाजा उन्हें ए ग्रेड में डाला जा सकता है। शुभमन गिल को ए ग्रेड से प्रमोट करके ए ग्रेड में डाला जा सकता है।एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्षर पटेल को ग्रेड बी से प्रमोट करके ग्रेड ए में शामिल किया जा सकता है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन को कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से छुट्टी हो सकती है।कुछ नए चेहरों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में एंट्री हो सकती है। नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा और अभिषेक शर्मा को पहली बार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया जा सकता है। इन्हें सी कैटेगरी में रखा जा सकता है। पिछली बार घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से छुट्टी कर दी गई थी लेकिन इस बार अय्यर को एंट्री मिल सकती है।

## चेन्नई सुपर किंग्स के घर में जीत के लिए तरसती है आरसीबी



चिदंबरम, 27 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 8वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला 28 मार्च को एम चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में सीएसके और आरसीबी की टीम ने अपने-अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की है। ऐसे में चेपॉक में दोनों बीच के बीच एक जोरदार घमासान देखने को मिलेगा।चेन्नई सुपर किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीम में से एक है। सीएसके ने आईपीएल में पांच बार खिताबी जीत हासिल की है। वहीं आरसीबी की झोली अभी तक खाली रही है। आईपीएल में जब भी इन दोनों टीमों के बीच भिड़ंत होती है तो मुकाबला देखने लायक होता है, लेकिन सीएसके के घर में आरसीबी की हालत हमेशा खराब रही है। सीएसके ने अपने घर में हमेशा आरसीबी पर अपना दबदबा बना कर रखा है।आईपीएल में सीएसके और आरसीबी के बीच अब तक कुल 33 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इन मैचों में सीएसके की टीम ने 21 बार जीत हासिल की है। वहीं आरसीबी की बात करें तो वह सिर्फ 11 बार सीएसके को हरा पाई है। इस रिकॉर्ड से साफ है कि सीएसके के खिलाफ आरसीबी की टीम हमेशा से कमजोर रही है। वहीं सीएसके के घर में आरसीबी के रिकॉर्ड की बात की जाए तो वह और भी ज्यादा खराब है।

## जोशना, अनाहत स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में


मुंबई, 27 मार्च। भारतीय दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। बॉम्बे जिमखाना के आउटडोर ग्लास कोर्ट पर जोशना चिनप्पा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे के खिलाफ पांच मैचों के कड़े मुकाबले में अपने अनुभव का जबरदस्त प्रदर्शन किया। पूर्व एशियाई चैंपियन जोशना ने 56 मिनट तक चले मुकाबले में सालुंखे को 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं दूसरी ओर, 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने मिस्त्र के नादियन एल्हममी के खिलाफ संयम का परिचय देते हुए 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की और कड़े मुकाबले में 3-2 (11-6, 12-14, 8-11, 11-6, 11-9) से जीत हासिल की। इस बीच, पुरुषों के ड्रॉ में भारत के अभय सिंह ने मलेशिया के अमीशनराज चंद्रन को सीधे सेटों में (11-5, 11-8, 11-7) में हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। वीर चोटरानी हालांकि, मिस्त्र के करीम एल टॉर्की से 0-3 (4-11, 8-11, 5-11) से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## जिम्बाब्वे त्रिकोणीय टी-20, टेस्ट श्रृंखला की करेगा मेजबानी

हरारे, 27 मार्च। जिम्बाब्वे जुलाई से अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली त्रिकोणीय टी-20 तथा इन दोनों टीमों के साथ दो-दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगा। बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 14 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड से जुड़ेंगी। इस सीरीज में प्रत्येक टीम दो-दो बार एक-दूसरे से भिड़ेगी। शीर्ष दो टीमें के बीच 26 जुलाई को फाइनल खेला जायेगा। जिम्बाब्वे फिर से लाल गेंद वाले क्रिकेट की ओर लौटेगा। वह बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में न्यूजीलैंड के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा। यह 2016 के बाद से पहली बार होगा जब दोनों टीमें सबसे लंबे प्रारूप में आमने-सामने होंगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने कहा, यह वर्षों के बाद हमारा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र है और यह हमारे खिलाड़ियों के लिए दुनिया की दो क्रिकेट महाशक्तियों के खिलाफ खुद को परखने का एक अवसर है। टेस्ट क्रिकेट और रोमांचक टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड की मेजबानी करना जिम्बाब्वे में खेल के विकास के लिए एक शानदार अवसर है।

## के.एम. रूंगटा चैलेंजर ट्रॉफी : एसकेआईटी इलेवन ने 518 रन बनाए

### एमजेजे ग्रुप के लिए मेहुल पारीक का पंजा व आर्यमन का शतक



जयपुर, 27 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एम रूंगटा चैलेंजर ट्रॉफी में के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए तीन दिवसीय मैच के दूसरे दिन एस के आई टी इलेवन टीम कल के स्कोर 4 विकेट पर 426 रन से आगे खेलते हुए करते हुए कल के नाबाद बल्लेबाज मोहित भगतानी के 140 रन, आर्यन जैन 153 रन के जल्दी आऊट होने पर रिहान अली 32 रन व नावेद खान के 20 रनों से लंच के समय 128.3 ओवर में 518 रन बनाकर आउट हुई। का स्कोर बनाया। एम जे जे ग्रुप की टीम के लिए मेहुल पारीक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 105 पर 5, आदित्य झाला ने 121 पर 2, अभिषेक यादव, रोहन सिंह व नावेद खान ने 1-1 विकेट लिए। लंच के बाद एम जे जे ग्रुप की टीम के सलामी बल्लेबाजी आर्यमन कटारिया के शानदार शतक 113 रन (138 गेंद, 12 चौके व 5 छक्के), सचिन जाट के 57 रन, अभय शर्मा के नाबाद 15 रन, कुशाग्र ओझा के नाबाद 13 रनों से दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 51 ओवर में 2 विकेट पर 224 रन बना लिए थे। एस के आई टी इलेवन के लिए नावेद खान व कैफ गुडएज ने 1-1 विकेट लिया।